[ 18/3/2020]

प्रश्न सं. [ क्र. 487 ]

## परिष्टि–एक

(विधानसभा अतारांकित प्रश्न कमांक 487 द्वारा श्री राकेश गिरि माननीय विधायक)

**वर्ष 2017 में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई घोषणाओं के कियान्वयन की स्थिति**

| क. | घोषणा कमांक व दिनांक | मान्. मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणायें | घोषणाओं के संबंध में की गई कार्यवाही |
|---|---|---|---|
| 1 | B 3499 7-5-17 | जिला मुख्यालय पर 50 विस्तर वाला आयुष अस्पताल बनाया जावेगा । | कलेक्टर टीकमगढ़ के पत्र क./स्था./2017/735–36 दिनांक 19.05.2017 द्वारा शासन की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव प्रमुख सचिव आयुष विभाग मंत्रालय भेजा गया था । कार्यालयीन पत्र क./734/–35 दिनांक 10.05.2018 द्वारा 50 विस्तरीय सर्वसुविधा जिला आयुष अस्पताल खोलने संबंधी प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भिजवाने हेतु आयुक्त संचालनालय आयुष भोपाल की ओर निवेदन किया गया है । **(जिला आयुष अधिकारी, टीकमगढ़ के पत्र क./वि.स. /2020/597 दिनांक 29.02.2020 द्वारा प्राप्त जानकारी)** |
| 2 | B 3502 7-5-17 | बल्देवगढ़ में महाविद्यालय अगले शिक्षण सत्र से प्रारंभ किया जावेगा । | म.प्र.शासन, उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश कमांक एफ–23–1/2016/38–2 भोपाल दिनांक 21.06.2018/25.06.2018 के द्वारा बल्देवगढ़ में महाविद्यालय खोला गया । **(प्राचार्य शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय टीकमगढ़ का पत्र क. 8078/स्था./टी. /2020 दिनांक 29.02.2020 द्वारा प्राप्त जानकारी)** |
| 3 | B 3495 7-5-17 | गंजीखाना स्थित अमर शहीद नारायणदास खरे स्टेडियम हॉकी मैंदान में एस्टोटर्फ विछाया जावेगा । | गंजीखाना स्थित अमरशहीद नारायणदास खरे स्टेडियम की भूमि भारतीय खेल प्राधिकरण (केन्द्र सरकार) के नाम है यह भूमि खेल एवं युवा कल्याण विभाग की न होने से विभाग द्वारा एस्ट्रो टर्फ लगाने की स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है । विभाग द्वारा एस्ट्रो टर्फ भूमि हस्तांतरण के उपरांत ही लगाई जा सकती है । **(जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी टीकमगढ़ के पत्र क./खे.यु.क./2019–20 /56 दिनांक 02.03.2020 द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार)** |
| 4 | B 3497 7-5-17 | तकनीकी दृष्टि से उपयुक्त होने पर धसान डायवर्सन ककरवाहा पिकअप वियर योजना को भूमिगत पाईप लाईन के माध्यम से राजेन्द्र सागर बांध महेन्द्र सागर तालाब सहित एक दर्जन तालाब भरे जायेंगे । | परीक्षणानुसार धसान नदी पर ककरवाहा पिकअप वियर धसान नदी के बेसिन में जबकि घोषणा में उल्लेखित राजेन्द्र सागर महेन्द्र सागर बांध जामनी नदी के बेसिन में स्थित है। ककरवाहा पिकअप वियर बनाये जाने पर इसका एफ.आर.एल. 350 मीटर होगा जबकि राजेन्द्र सागर तालाब का एफ.आर.एल.365 मीटर तथा महेन्द्रसागर तालाब का एफ.आर.एल.स्तर 355 मीटर है इसी प्रकार अन्य तालाब बड़ागांव, बगाजमाता, लार, मौखरा, सापौन, दरगुंवा, अजनौर के एफ. आर.एल. 355.00 मीटर से 360.00 मीटर के मध्य हैं दोनों बेसिन के बीच में एक पहाड़ी रिज स्थित है, जिसकी ऊंचाई 390.00 मीटर है । अतः धसान नदी पर प्रस्तावित ककरवाहा पिकअप वियर से राजेन्द्रसागर, महेन्द्रसागर एवं अन्य एक दर्जन तालाबों का भूमिगत पाईपलाईन से भरा जाना तकनीकी दृष्टि से उपयुक्त नहीं होने से परियोजना असाध्य है । **(कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग, टीकमगढ़ का पत्र क.337/कार्य/2020 दिनांक 2.3.2020 द्वारा प्राप्त जानकारी)** |
| 5 | B 3498 7-5-17 | तकनीकी दृष्टि से उपयुक्त होने पर जामनी नदी से पक्की नहर बनाकर पठा तालाब, महेंन्द्र सागर तालाब, बगाज माता तालाब को भरा जावेगा । | 1. जामनी नदी का बेड लेवल लगभग 341 मीटर है जबकि पठा तालाब का बेड लेवल 360 मीटर है दोनों के लेवल में 19 मीटर का अंतर होने एवं दोनों के मध्य 14 किलोमीटर की दूरी होने के कारण जामनी नदी से पानी का बहाव पठा तालाब की ओर नहीं आ सकेगा ।<br>2. महेन्द्रसागर तालाब का बेडलेवल 355 मीटर है और जामनी नदी का बेड लेवन 341 मीटर है दोनों के लेवल में 14 मीटर का अंतर एवं दोनों के मध्य न्यूनतम दूरी 11 किलोमीटर होने के कारण पानी का बहाव नदी से तालाब की ओर नहीं आ सकेगा ।<br>3. बगाज माता तालाब की जामनी नदी से दूरी 20 किलोमीटर एवं बगाजमाता तालाब का बेड लेवल 350 मीटर है और जामनी नदी का बेड लेवल 341 मीटर है दोनों के लेवल का अंतर 9 मीटर होने के कारण पानी का बहाव नदी से तालाब की ओर नहीं आ सकेगा |

अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग

Scanned by CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | । उपरोक्तानुसार तकनीकी कारणों से जामनी नदी के पानी से महेन्द्रसागर, बगाजमाता एवं पठा तालाबों को भरने हेतु नहर निर्माण किया जाना तकनीकी दृष्टि से उपयुक्त नहीं होने से नस्तीबद्ध किया जाना प्रस्तावित है । **(कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग, टीकमगढ़ का पत्र क.337/कार्य/2020 दिनांक 2.3.2020 द्वारा प्राप्त जानकारी)** |
| 6 | B 3503 7-5-17 | औरछा बहुउद्देशीय परियोजना का तकनीकी रूप से परीक्षण कराया जाकर कार्य कराया जावेगा । | परियोजना म.प्र. के निवाड़ी जिले के औरछा ग्राम से 15 कि. मी. की दूरी पर सरसौरा ग्राम के समीप स्थित है । यह परियोजना बेतवा नदी एवं जामनी नदी पर प्रस्तावित है । इस योजना का स्वरूप वृहद होने के साथ–साथ अंतराज्यीय है । इस परियोजना के अंतर्गत बांध एवं नहरों का निर्माण म.प्र. एवं उ.प्र. राज्यों की सीमा के अंतर्गत है । वेतवा नदी का उदगम स्थल जिला रायसेन एवं जामनी नदी का उदगम स्थल जिला ललितपुर उ.प्र. के अन्तर्गत आता है । परियोजना का कुल जल ग्रहण बांध स्थल तक 25827 वर्ग कि.मी. है जिसमें म.प्र. व उ.प्र. का क्षेत्रफल सम्मिलित है । परियोजना के डूब क्षेत्र का सर्वेक्षण किया गया । प्रस्तावित पूर्ण जलस्तर 257.57 मीटर पर डूब क्षेत्र 2286.63 हेक्टेयर आयेगा । डूब क्षेत्र में वनभूमि म.प्र. की 1012 हेक्टेयर तथा उ.प्र. की 971.00 हेक्टेयर कुल वनभूमि 1983 हेक्टेयर शामिल है । परियोजना के अन्तर्गत कुल 8 ग्राम में से उ.प्र. के 4 ग्राम तथा म.प्र. के 4 ग्राम डूब क्षेत्र में प्रभावित हो रहे हैं । परियोजना का कुल जलग्रहण क्षेत्र 25887 वर्ग कि.मी. है । कुल औसत वर्षा 1112.00 मि.मी. से उपलब्ध जल क्षमता अनुसार निर्भरता 50 प्रतिशत व 75 प्रतिशत पर वार्षिक रन आफ कमशः 1242 व 848 एम.सी.एम. आंकलित किया गया है ।<br>वर्तमान में जल की उपयोगिता को देखते हुए बेतवा नदी से इस परियोजना हेतु जलपूर्ति संभव नहीं है तथा जामनी नदी की जामनी सब बेसिन की यील्ड 272.75 एम.सी.एम. में से उक्त बेसिन में निर्माणाधीन एवं निर्मित परियोजना का कमीटेड उपयोग हटाने के बाद बांध के पूर्ण जल स्तर 257.57 मी. पर संग्रहित किये जाने वाले 149.24 एम.सी.एम.पानी की उपलब्धता संभव नहीं होगी ।<br>अतः औरछा बहुउद्देशीय परियोजना के कुल डूबक्षेत्र 2286.63 हेक्टेयर में 1983 हेक्टेयर वनभूमि डूबने औरछा अभ्यारण एवं सुरक्षित वन की भूमि डूब में आने तथा वांछित जल भण्डारण 149.24 एम.सी.एम. की उपलब्धता न होने एवं जामनी नदी के पानी के बंटवारे का म.प्र. एवं उ.प्र. के बीच में कोई समझौता न होने के देखते हुए उपरोक्त योजना का निर्माण प्रस्तावित किया जाना हितकर नहीं होनें से नस्तीबद्व किया जाना प्रस्तावित है । **(कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग, टीकमगढ़ का पत्र क. 337/कार्य/2020 दिनांक 2.3.2020 द्वारा प्राप्त जानकारी)** |
| 7 | B 3500 7-5-17 | भेड़ फार्म मिनौरा में चारागाह अनुसंधान केन्द्र बनाया जावेगा । | भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्र मिनौरा के पत्र कमांक 523–24/प्रक्षेत्र/चारागाह/दिनांक 16.072017 के द्वारा प्रस्ताव तैयार कर विभाग को भेजा जा चुका है । **(उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाऐं जिला टीकमगढ़ के पत्र क. 1138/स्थापना/विधानसभा/2019–20 दिनांक 29.02.2020 द्वारा प्राप्त जानकारी )** |
| 8 | B 3501 7-5-17 | बल्देवगढ़ नगर में बाईपास निर्माण तथा टीकमगढ़ नगर के लिए छूटा हुआ (आधा बाईपास) बाईपास मार्ग का निर्माण कराया जावेगा । | लोकनिर्माण विभाग संभाग टीकमगढ़ दिनांक 23.11.2017 को प्राप्त ईमेल के अनुसार बल्देवगढ़ नगर में बायपास का निर्माण कार्य म.प्र. सड़क विकास प्राधिकरण द्वारा किया जाना है। इस संबंध में जोकनिर्माण विभाग कार्यालय द्वारा म.प्र. सड़क विकास प्राधिकरण की ओर मेल दिनांक 23.11.2017 को किया है। टीकमगढ़ नगर के लिये छूटा हुआ वायपास मार्ग निर्माण हेतु कार्यवाही प्रकियाधीन है। |
| 9 | B 3504 7-5-17 | औरछा के पास स्थित बेतवा | नवीन जिला निवाड़ी का सृजन हो जाने से उक्त कार्य जिला |

अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग

Scanned by CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | एवं जामनी नदी पर शीघ्र पुल का निर्माण कराया जावेगा । | निवाड़ी से संबंधित है। |
| 10 | B 3494 7-5-17 | टीकमगढ़ नजरबाग स्थित कन्या हायरसेकेण्ड्री स्कूल के पुराने भवन की जगह नया भवन बनाया जावेगा । | शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन नजरबाग का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग परियोजना कियान्वयन ईकाई पी.आई.क्यू टीकमगढ़ के द्वारा किया जाना है पी.आई. यू. के पत्र कमांक 1084/पी.आई.यू./तक/2019-20 टीकमगढ़ दिनांक 2.3.2020 के अनुसार शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन का निर्माण नजरबाग प्रांगण में पुराने भवन को तोड़कर किया जाना था । लेकिन उक्त भवन के निर्माण हेतु 412 योजना के अंतर्गत स्वीकृत ड्राईंग डिजाईन अनुसार मुख्य वास्तुविद भोपाल द्वारा कस्टोमाईज करवाया गया लेकिन उसके मान से भी पर्याप्त भूमि उपलब्ध नहीं हो पा रही है अतः निर्माण कार्य हेतु पी.आई.यू. के संलग्न पत्रानुसार पर्याप्त भूमि अन्य जगह चिन्हित की जा रही है । (जिला शिक्षा अधिकारी, टीकमगढ़ के पत्र क./विधानसभा/2020/13 दिनांक 2.3.2020 द्वारा प्राप्त जानकारी) |
| 11 | B 3496 7-5-17 | टीकमगढ़ नगर में एक नया हायर सेकेण्ड्री स्कूल खोला जावेगा । | म.प्र.शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल के आदेश दिनांक 23.05.2018 के अनुसार टीकमगढ़ नगर में स्थित कन्या मा.शाला टीकमगढ़ परिसर में ही स्थित है, शा.मा.शाला शिशु मंदिर को शा.हाईस्कूल शिशु मंदिर टीकमगढ़ नजरबाग परिसर में उन्नयन किया जा चुका है । (जिला शिक्षा अधिकारी, टीकमगढ़ के पत्र क./विधानसभा/2020/13 दिनांक 2.3.2020 द्वारा प्राप्त जानकारी) |

अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग

डिप्टी कलेक्टर
हेतु कलेक्टर टीकमगढ़ (म.प्र.)

Scanned by CamScanner